प्रेषक,

कुमार हर्ष,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0 लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 28 दिसम्बर, 2023

विषय: राजकीय हेलीकाप्टर Bell 412 EP VT-UPO के लिए Attitude Heading reference Unit (AHRU) को Outright basis पर Part निर्माता कम्पनी M/s LITEF GmbH, Germany के अधिकृत भारतीय डीलर M/s Magnum Aviation Pvt. Ltd. से क्रय किए जाने हेतु प्रशासकीय एवं कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-260 ना0उ0नि0/इंजी/(यू0पी0ओ0)/08-आई/2023 दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- आपके सन्दर्भित पत्र में अवगत कराया गया है कि राजकीय हेलीकाप्टर बेल 412 EP VT-UPO के AHRU LCR-92 Bell 412 EP VT-UPO में Qty: 01 को Outright basis पर Part निर्माता कम्पनी M/s LITEF GmbH, Germany के अधिकृत भारतीय डीलर M/s Magnum Aviation Pvt. Ltd. से क्रय किए जाने हेतु ई-मेल द्वारा उपलब्ध कराए गए कोटेशन संख्या MAPL/QUOTE/0117/2023-24 दिनांक 16-11-2023 के अनुसार रू० 58,09,150/- (Serviceable Unit Cost) तथा रू0 74,33,480/- (Core Unit Cost) तथा जी0एस0टी0 एवं फ्रीट को सम्मिलित करते हुए कुल रु0 1,32,42,630/- (एक करोड़ बत्तीस लाख बयालिस हजार छः सौ तीस मात्र) के व्यय की प्रशासकीय एवं कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति तथा स्वीकृति की प्रत्याशा में फर्म M/s Magnum Aviation Pvt. Ltd. को AHRU P/N 141852- 3122 Qty: 01 की आपूर्ति के सम्बन्ध निर्गत क्रय आदेश सं0-1110-N/CADUP/ENG(P.11)/UPO-08/2023 दिनांक 16-11-2023 रू0 1,32,42,630/- की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जानी है।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदया वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजकीय हेलीकाप्टर बेल 412 EP VT-UPO के AHRU LCR-92 Bell 412 EP VT-UPOमें Qty: 01 को Outright basis पर Part निर्माता कम्पनी M/s LITEF GmbH, Germany के अधिकृत भारतीय डीलर M/s Magnum Aviation Pvt. Ltd. से क्रय किए जाने हेतु ई-मेल द्वारा उपलब्ध कराए गए कोटेशन संख्या MAPL/QUOTE/0117/2023-24 दिनांक 16-11-2023 के अनुसार रू० 58,09,150/- (Serviceable Unit Cost) तथा रू0 74,33,480/- (Core Unit Cost) एवं जी0एस0टी0 एवं फ्रीट को सम्मिलित करते हुए कुल रु0 1,32,42,630/- (एक करोड़ बत्तीस लाख बयालिस हजार छः सौ तीस मात्र) के व्यय की प्रशासकीय एवं कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति तथा स्वीकृति

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

की प्रत्याशा में फर्म M/s Magnum Aviation Pvt. Ltd. को AHRU P/N 141852- 3122 Qty: 01 की आपूर्ति के सम्बन्ध निर्गत क्रय आदेश सं0-1110-N/CADUP/ENG(P.11)/UPO-08/2023 दिनांक 16-11-2023 रू0 1,32,42,630/- की कार्योत्तर स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

(1) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-162 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जो सरकारी कर्मचारी/अधिकारी धन को आहरित करेगा, वही उसके समायोजन हेतु भी जिम्मेदार होगा तथा यदि कोई क्षति होती है, तो उसके लिये भी संबंधित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी जिम्मेदार होगा।

(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन निदेशालय द्वारा वित्तीय वर्ष में स्वीकृत समस्त अग्रिम धनराशि का समायोजन वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक अवश्य कर लिया जायेगा तथा प्रश्नगत धनराशि का समायोजन कराते हुये महालेखाकार के पुस्तांकित आकड़ों में भी समायोजन करा दिया जाए।

(3) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(4) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(5) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

(6) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जायेगा।

(7) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(8) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(10) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय से संबंधित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/आदेशों/ प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा ।

(12) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

3/....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(13) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

(14) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुरूप किया जायेगा।

(15) यदि बजट के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पाई जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

4- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-38 के अधीन ''राजस्व लेखा-लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख-रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-02/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
कुमार हर्ष
विशेष सचिव

संख्या: 123/2023/1736(1)/छप्पन-2023-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) उप महालेखाकार/ ई0एस0-III, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ-10
(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कुमार हर्ष
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।